Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A. Sc. Com/H/20**

**2020**

**HINDI**

**( Modern Indian Language)**

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1×10=10

(क) कुँवर जी पूरी तरह नागर संवेदना के कवि हैं।

(ख) हिन्दी साहित्य में जैनेंद्र कुमार आंचलिक उपन्यासकार के रूप में प्रतिष्ठित थे।

(ग) तुलसीदास दार्शनिक और लौकिक स्तर के नाना द्वंद्वों के चित्रण और उनके समन्वय के कवि हैं।

(घ) प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता का विकास करने का पूरा प्रोत्साहन देना सर्वथा अनुचित है।

(ङ) ढोलक की आवाज़ का पूरे गाँव पर कोई भी असर नहीं होता था।

(च) छायावादी कवियों ने पुराने उपमानों में भी नए अर्थ की चमक भरने का प्रयास किया है।

(छ) रेणु द्वारा रचित 'मैला आँचल' एक नाटक है।

(ज) चार्ली चैप्लिन कभी भी मध्यवर्गी, बुर्जुआ या उच्चवर्गी जीवन-मूल्य न अपना सके।

(झ) गरमी से तपी-झुलसी धरती पर शांति के संदेश की तरह बादल आए हैं।

(ञ) आधुनिक उर्दू कथा-साहित्य में रज़िया सज्जाद जहीर का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

**2.** कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(क) रोग-शोक में भी ______ है शैशव का सुकुमार शरीर। (हँसता/बिलखता)

(ख) 'रामचरितमानस' ______ कांडों में विभाजित है। (सात/आठ)

(ग) आधुनिक सभ्य समाज 'कार्य-कुशलता' के लिए श्रम विभाजन को ______ मानता है। (अनावश्यक/आवश्यक)

(घ) मन लक्ष्य में ______ हो तो बाज़ार भी फैला-का-फैला ही रह जाएगा। (खाली/भरा)

(ङ) सुनील दास गुप्त ______ के कस्टम अफ़सर थे। (लाहौर/अमृतसर)

**3.** प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) ''मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* आत्मपरिचय

*(ii)* बादलराग

*(iii)* बात सीधी थी पर

*(iv)* निशा निमंत्रण

(ख) किस पाठ में अर्जुन और कृष्ण का उल्लेख हुआ है?

*(i)* नमक

*(ii)* बाज़ार दर्शन

*(iii)* चार्ली चैप्लिन यानी हम सब

*(iv)* भक्तिन

(ग) ''वाह! बाप से भी बढ़कर निकलेंगे ये दोनों बेटे!'' यह पंक्ति किस पाठ की है?

*(i)* नमक

*(ii)* बाज़ार दर्शन

*(iii)* चार्ली चैप्लिन यानी हम सब

*(iv)* पहलवान की ढोलक

(घ) इनमें से कौन-सी रचना शमशेर बहादुर सिंह की नहीं है?

*(i)* कुछ कविताएँ

*(ii)* कोई दूसरा नहीं

*(iii)* इतने पास अपने

*(iv)* बात बोलेगी

(ङ) 'एनीहिलेशन ऑफ़ कास्ट' नामक भाषण किस वर्ष के वार्षिक सम्मेलन के अध्यक्षीय भाषण के रूप में तैयार किया गया था?

*(i)* 1936

*(ii)* 1937

*(iii)* 1938

*(iv)* 1939

**4.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *100* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) दहेज—एक अभिशाप

(ख) बालश्रम

(ग) बाढ़—एक प्राकृतिक प्रकोप

(घ) राष्ट्रभाषा हिन्दी

(ङ) मेघालय के हस्तशिल्प

**5.** छोटे भाई को स्वास्थ्य के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए एक पत्र लिखिए। 10

**अथवा**

अपने क्षेत्र के प्रशासन का ध्यान मुख्य सड़कों पर बनने वाले अवैध निर्माणों की ओर आकर्षित करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से (क) **अथवा** (ख) का उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

स्वामी विवेकानन्द पुण्यक्षेत्र काशी में भ्रमण कर रहे थे। उन्हें एक ऐसी राह से जाना पड़ा, जहाँ एक ओर सरोवर था और दूसरी ओर सीधी दीवार। काशी में बंदरों की भरमार है और वहाँ के बंदर हैं भी बहुत शैतान। स्वामी जी के पास एक पोटली थी। उसी के कारण बंदर उनका पीछा करने लगे।

वे बार–बार उस पीठ पर लटकी पोटली को छीनने का प्रयास करते। स्वामी जी पहले तो उन्हें हाथ के संकेत से हटाते रहे परन्तु वे कहाँ मानने वाले थे। वे पुनः पोटली की ओर झपटते। बंदरों की घुड़की तो है भी प्रसिद्ध। उन्हें लगा कि ये बंदर अभी उनके मुँह पर झपट पड़ेंगे। अतः वे तेज़ भागने लगे। अब तो बंदर उन्हें और भी सताने–डराने लगे। कुछ लोगों ने दूर से देखकर कहा, ''स्वामी जी, तेज़ दौड़ो।''

वे और तेज़ भागने लगे परन्तु उन बंदरों ने उनका पीछा न छोड़ा और खों–खों करते हुए लपटने–झपटने लगे। इतने में किसी अनुभवी व्यक्ति ने दूर से देखकर कहा, ''स्वामी जी, भागिए नहीं। इन बंदरों का सामना कीजिए।''

यह सुझाव कान में पड़ते ही स्वामी जी ने दौड़ना बंद कर दिया और तनकर खड़े हो गए। बंदर भी जहाँ के तहाँ रुक गए। फिर तो स्वामी जी स्वयं बंदरों की ओर लपके और उन्हें भगाने लगे।

जब बंदरों ने स्वामी जी का विकराल रूप देखा तो भाग खड़े हुए। इतने में सुझाव देने वाले सज्जन भी वहाँ आ पहुँचे। स्वामी जी से बोले, ''आप दौड़ क्यों रहे थे? आपको बंदरों को भगाना चाहिए था।''

स्वामी जी ने कहा, ''मैं कैसे भगाता? मैं तो खाली हाथ था।''

''अब कैसे भगा दिया? अब भी तो आप खाली हाथ ही थे।'' उस सज्जन ने सरल भाव से प्रश्न किया।

अब तो स्वामी विवेकानन्द जी को अपनी भूल का अनुभव हुआ और वे बुरी तरह झेंप गए। तब उस सज्जन ने सीख देते हुए स्वामी जी से कहा, ''हाथ खाली हो या हाथ में हथियार हो, इससे कुछ नहीं होता। मन में शक्ति होनी चाहिए। मन से सब कुछ होता है। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।''

*(i)* स्वामी विवेकानन्द के हाथ में क्या था? उनका पीछा कौन तथा क्यों कर रहे थे?

*(ii)* स्वामी जी को लोगों ने पहला सुझाव क्या दिया और उसका क्या प्रभाव पड़ा?

*(iii)* अनुभवी व्यक्ति ने क्या सुझाव दिया और उसका क्या प्रभाव हुआ?

*(iv)* सज्जन ने स्वामी जी को सामना करने का कौन-सा तरीका समझाया?

*(v)* उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

**अथवा**

(ख) *(i)* निम्नलिखित शब्दों की सन्धि कीजिए (कोई **चार**) : 1×4=4

(अ) चन्द्र + उदय

(आ) अति + आवश्यक

(इ) उत् + लास

(ई) प्रति + अक्ष

(उ) लोक + उक्ति

(ऊ) सदा + एव

*(ii)* निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह कीजिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) राष्ट्रपति

(आ) शोकग्रस्त

(इ) सपरिवार

(ई) पंचवटी

(उ) शरणागत

*(iii)* निम्नलिखित वाक्यों में से सरल, मिश्रित और संयुक्त वाक्य पहचानिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) आप मुख्य अतिथि बनें और उत्सव की शोभा बढ़ाएँ।

(आ) सूर्य उगने पर कमल खिल उठते हैं।

(इ) श्यामा ज़ोर दे रही थी अतः मुझे हाँ करनी पड़ी।

(ई) यद्यपि साक्षी बहुत तेज दौड़ी थी तथापि प्रथम न आ सकी।

(उ) प्रातःकाल होने पर पक्षी चहचहाने लगते हैं।

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**7.** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5×2=10

(क) मैं और, और जग और, कहाँ का नाता,
मैं बना-बना कितने जग रोज़ मिटाता;
जग जिस पृथ्वी पर जोड़ा करता वैभव,
मैं प्रति पग से उस पृथ्वी को ठुकराता!

**अथवा**

बहुत काली सिल ज़रा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने

(ख) कुछ देर उकड़ूँ बैठी वह पुड़िया को तकती रही और उन कहानियों को याद करती रही जिन्हें वह अपने बचपन में अम्मा से सुना करती थी, जिनमें शहजादा अपनी रान चीरकर हीरा छिपा लेता था और देवों, खौफ़नाक भूतों तथा राक्षसों के सामने से होता हुआ सरहदों से गुज़र जाता था।

**अथवा**

समाज की यदि अपने सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता प्राप्त करनी है, तो यह तो संभव है, जब समाज के सदस्यों को आरंभ से ही समान अवसर एवं समान व्यवहार उपलब्ध कराए जाए।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में दीजिए : 2×5=10

(क) कभी-कभी भाषा के चक्कर में 'सीधी बात भी टेढ़ी हो जाती है', कैसे?

(ख) चार्ली सबसे ज़्यादा स्वयं पर कब हँसता है?

(ग) बाज़ार के जादू की जकड़ से कैसे बचा जा सकता है?

(घ) अदीबों के संबंध में भाई का क्या विचार था तथा सफिया ने क्या जवाब दिया?

(ङ) 'बादल राग' कविता में कवि ने बादल का आह्वान क्रांति के रूप में क्यों किया है?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दो**) : 5×2=10

(क) जाति-प्रथा को श्रम-विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे आंबेडकर के क्या तर्क हैं?

(ख) ढोलक की आवाज़ का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

(ग) 'कवितावली' में उद्धृत छंदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि तुलसीदास को अपने युग की आर्थिक विषमता की अच्छी समझ है।

(घ) ''जहाँ पर दाना रहते हैं, वहीं नादान भी होते हैं''—कवि ने ऐसा क्यों कहा होगा?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) लेखक ने सिन्ध के अजायबघर में मुअनजोदड़ो से जुड़ी किन वस्तुओं का उल्लेख किया है, तथा इस अजायबघर की खासियत क्या है?

(ख) सिन्धु सभ्यता की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विशेषता क्या है?

(ग) समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर ऐन ने क्या विचार व्यक्त किया है?

(घ) ऐन के मम्मी और पापा ने अज्ञातवास में जाने की तैयारी कब और कैसे शुरू की थी?

(ङ) बहुत अँधेरा हो जाने के बाद ऐन और उसकी बहन अपना समय किस प्रकार व्यतीत करती थी?

★★★